Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to give grant to farmers of Buldhana district, Maharashtra producing Safed Musli, a medicinal plant-laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): महाराष्ट्र राज्य में बुलढाना जिले के नांदुरा, मलकपुर तहसील के किसान ने सफ़ेद मुसली वनस्पति जो आयुर्वेदिक वनस्पति है, का राष्ट्रीय आयुष अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय औषधि वनस्पति बोर्ड दिल्ली के दिए हुए मार्गदर्शक सूचना के अनुरूप सफ़ेद मुसली के उत्पादन बीते दो वर्षों से कर रहे है| इन किसानों को पिछले दो वर्ष से कोई अनुदान क्लेम नहीं मिला है| महाराष्ट्र राज्य सरकार ने आयुष मंत्रालय, केंद्र सरकार दिल्ली के ऑफिस में क्लेम, किसानों की लिस्ट के साथ प्रपोजल सबमिट किये हुए है लेकिन आज तक मंत्रालय से कोई सूचना या अनुदान क्लेम राशि अभी तक महाराष्ट्र सरकार को उपलब्ध नहीं हुई हैं ।

मै माननीय आयुष मंत्रीजी से अनुरोध करती हूँ कि इस आयुर्वेदिक वनस्पति का अनुदान महाराष्ट्र राज्य सरकार को क्लेम राशि जो किसानों की लिस्ट मंत्रालय मे सबमिट की हुई है, इस राशी का भुगतान तुरंत करें एवं राज्य सरकार को जल्द से जल्द इस राशि को किसानों को देने के लिए सूचित करे जिसके चलते सफ़ेद मुसली उत्पादन कर रहे किसानों को यह राशि तुरंत मिले और वह आने वाली फसल के लिए साधन सामग्री जमा कर सके, ऐसा निवेदन मैं सरकार से करती हूँ| किसानों के लिए जो भी अनुदान की राशि केंद्र सरकार के माध्यम से दी जा रही है वह समय-समय पर तुरंत राज्य सरकार को आवंटित करने के लिए भी निवेदन करती हूँ|